आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484





# जननायक सम्राट

उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों अलीगढ़ हाथरस ऐटा कासगंज बदायूं बुलंदशहर मथुरा आदि से प्रसारित व अलीगढ़ से प्रकाशित

बर्ष :13 अंक :467 पृष्ठ -4 दिनांक 02 मई 2025 दिन शुक्रवार

# यूपी में 6 मई तक बारिश का अलर्ट, इन 60 जिलों में आंधी-तूफान के साथ होगी बरसात

## इस हफ्ते प्रदेश में कई जगहों पर झमाझम बारिश का अलर्ट जारी किया गया

उत्तर प्रदेश में इन दिनों मौसम बदला हुआ सा नजर आ रहा है. पिछले कुछ दिनों में कई जगहों आई तेज आंधी और बारिश की वजह से तापमान में गिरावट आई है और मौसम सुहाना हो गया है. अप्रैल जाते-जाते लोगों को गर्मी से राहत मिली और अब मई महीने की शुरुआत झमाझम बारिश से होने वाली है. मौसम विभाग के मुताबिक आज (1 मई) को भी प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है. 6 मई तक तेज झोंकेदार हवाओं के साथ बारिश की संभावना बनी हुई है.मौसम विभाग के मुताबिक आज पश्चिमी और पूर्वी दोनों संभागों में कहीं-कहीं बारिश होने का अनुमान जताया गया है. इस दौरान 25-35 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना हैं, जिसके चलते पूर्वी यूपी में मेघ गर्जन के साथ धूल भरी आंधी चलने की चेतावनी जारी की गई है.2 मई को हिमालयी क्षेत्र



से नया पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हो रहा है, जिससे आने वाले दिनों में झमाझम बारिश होगी. प्रदेश में 5 मई तक कई जगहों पर झमाझम बारिश होने का येलो अलर्ट जारी किया गया है, जबकि 6 मई को एक या दो जगहों पर बारिश हो सकती है. बारिश की चलते प्रदेश का मौसम सुहाना रहेगा और लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी. इन 60 जिलों में आज बारिश का अलर्टप्डक के मुताबिक यूपी में आज बागपत, गाजियाबाद, मेरठ, हापुड़, अमरोहा, संभल, बदायूं, कासगंज, एटा, मैनपुरी, इटावा, औरैया, कन्नौज, फर्रुखाबाद, हरदोई, कानपुर देहात, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, फतेहपुर, कौशांबी, प्रतापगढ़, अमेठी, अयोध्या, अंबेडकर नगर, सुल्तानपुर, प्रयागराज, जौनपुर, आजमगढ़, गाजीपुर, वाराणसी, संत रविदास नगर, मीरजापुर, सोनभद्र और चंदौली में मेघ गर्जन के साथ बारिश की बौछारें गिरने का येलो अलर्ट जारी किया गया है.इसके अलावा शामली, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, गोंडा, सिद्धार्थनगर, बस्ती, संत कबीर नगर, गोरखपुर, महाराजगंज, कुशीनगर, देवरिया, मऊ और बलिया में कई जगहों के बिजली की चमक के साथ तेज बारिश होने का अनुमान है.इस दौरान 30-40 किमी की रफ्तार से तेज हवाएं चलेंगी. पिछले 24 घंटों में उरई, बांदा, लखीमपुर खीरी, झांसी और फतेहपुर में सबसे अधिक गर्म जिले दर्ज किए गए, यहां तापमान 41-42 डिग्री के आसपास रहा. हालांक, इस हफ्ते लोगों को भीषण गर्मी से राहत रहेगी.

## नैनीताल में तीन घंटे तांडव बालिका से दरिंदगी पर भड़का गुस्सा, सांप्रदायिक रंग में रंगा शहर

आमतौर पर शांत और पर्यटकों से गुलजार रहने वाला नैनीताल शहर बुधवार रात को हिंसा की चपेट में आ गया. मासूम बच्ची से दुष्कर्म की घटना के बाद शहर में तीन घंटे तक बवाल मचा रहा. आक्रोशित भीड़ ने दूसरे समुदाय की दुकानों में तोड़फोड़ की, दुकानदारों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा और सड़कों पर जमकर पथराव किया. हालात को काबू में करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा. फिलहाल पूरे शहर में तनाव की स्थिति बनी हुई है और पुलिस अलर्ट मोड पर है.बुधवार रात करीब साढ़े नौ बजे मल्लीताल क्षेत्र में उस वक्त बवाल शुरू हुआ, जब शहर में यह खबर फैली कि एक बुजुर्ग ठेकेदार उस्मान ने एक नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म किया है. सूचना आग की तरह फैली और देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग मल्लीताल की सड़कों पर इकट्ठा हो गए. गुस्साए लोगों ने मुस्लिम समुदाय की दुक. ानों को निशाना बनाना शुरू कर दिया. दुकानों में तोड़फोड़ की गई, और विरोध करने वालों को पीटा गया.स्थिति बिगड़ती देख पूरे बाजार को आनन-फानन में बंद करवा दिया गया. मल्लीताल कोतवाली के सामने भारी भीड़ जमा हो गई, जिसने आरोपी को सौंपने की मांग करते हुए थाने का घेराव कर दिया. लोगों ने पुलिस से आरोपी को लॉकअप से बाहर निकालने की जिद की और वहीं धरना दे दिया. भीड़ ने 'पाकिस्तान मुर्दाबाद' के नारे लगाए और एक धार्मिक स्थल पर भी पथराव कर डाला, जिससे माहौल और तनावपूर्ण हो गया.पुलिस ने स्थिति को संभालने के लिए लाठीचार्ज किया, जिससे भीड़ कुछ देर के लिए तितर-बितर हो गई, लेकिन जल्द ही लोग दूसरी जगह इकट्ठा होकर फिर से पथराव करने लगे. गाड़ी पड़ाव बाजार में खड़े वाहनों को पलटा गया, दुकानों के सामने रखा सामान फेंक दिया गया और कई घरों पर ईंट-पत्थर बरसाए गए. पथराव में कई घरों के शीशे टूट गए.इस पूरे घटनाक्रम में एक किलोमीटर के क्षेत्र में अराजकता फैली रही. कोतवाली से लेकर गाड़ी पड़ाव तक उग्र भीड़ कई बार इधर-उधर दौड़ती रही और पुलिस से भिड़ती रही. पुलिस को बार-बार स्थान बदलकर हालात संभालने पड़े. गाड़ी पड़ाव क्षेत्र में रहने वाले परिवारों में दहशत फैल गई. कई परिवार घरों की खिड़कियों से बाहर झांककर भीड़ से ऐसा न करने की अपील करते रहे. बाद में पुलिस बल वहां पहुंचा तो भीड़ छिटक गई.इस बीच धरने पर बैठे लोगों ने बालिका के साथ हुई घर में पिता और बच्चे थे. तभी आरोपी उस्मान ने तीन दिन पहले बालिका को घर बुलाया और 200 रुपये देकर उससे घरेलू कामकाज करवाया. अगले दिन उसनचंद्रा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया सख्त सजा दिलाई जाएगी.

## जातीय जनगणना की घोषणा से यूं बदलेगा यूपी का सियासी समीकरण! BJP ने साधे एक तीर से कई निशाने

भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली मोदी सरकार ने देश में जाति जनगणना का ऐलान कर विरोधी दलों के पैरों तले से जमीन निकाल दी है. जिस मुद्दे के दम पर समाजवादी पार्टी यूपी में 2027 विधानसभा चुनाव में फतह हासिल करने का सपना देख रही थी, बीजेपी ने उसकी हवा निकाल दी है. बीजेपी के इस फैसले के पीछे वो पिछड़ा वर्ग अहम माना जा रहा है जिसके दम पर भाजपा ने यूपी में लगातार दो बार सरकार बनाने में सफलता हासिल की. भाजपा नही चाहती कि इस वर्ग में ऐसा संदेश जाए कि वो आरक्षण या पिछड़ों के हितों के खिलाफ है. लो. कसभा चुनाव 2024 में जिस तरह पिछड़े और दलित वर्ग के लोगों ने सपा और कांग्रेस के समर्थन में वोट किया उससे उत्तर प्रदेश में भाजपा का झटका लगा था. सियासी जानकारों की मानें तो इन नतीजों के बाद से ही बीजेपी के अंदर से कई ने. ताओं द्वारा जातीय जनगणना का समर्थन में आवाजें उठ रहीं थी. इस ऐलान के बाद बीजेपी मिशन 2027 में एक बार फिर से पिछड़ों और दलितों को अपने साथ लाने की कोशिश में हैं. माना जा रहा है इसका असर पार्टी के संगठन में भी दिख सकता है. सूत्रों के मुताबिक बीजेपी को भी 2027



के चुनाव को लेकर चिंता सताने लगी थी कि कहीं 2024 की तरह पार्टी को संघर्ष न करना पड़े. इस चुनाव में सपा ने पीडीए और संविधान का नारा दिया था, जिसके बाद बड़ी संख्या में ओबीसी और दलित वोट बीजेपी से छिटक गया था. आरएसएस की चिंतन बैठक में भी ये मुद्दा उठा था. जिसके बाद केंद्रीय नेतृत्व नहीं चाहता था कि दोबारा ऐसे हालात बने.बीजेपी के कई पिछड़े नेताओं के साथ उसके सहयोगी दल भी जातीय जनगणना की मांग कर रहे थे. इनमें अनुप्रिया पटेल की अपना दल सोनेलाल, ओम प्रकाश राजभर और संजय निषाद जैसे नेता भी शामिल हैं. बीजेपी नहीं चाहती है कि आने वाले चुनाव में उसे अपने सहयोगियों का विरोध भी झेलना पड़े. बीजेपी दोनों वर्गों के वोटरों को अपने साथ जोड़कर रखना चाहती है.बसपा के कमजोर होने के बाद बीजेपी की नजर दलितों के वोट बैंक पर है. बसपा भी लगातार जातीय जनगणना के मुद्दे को उठा रही थी. वहीं सपा और कांग्रेस भी इन वर्गों को लुभाने की कोशिश में जुटे हुए हैं. दोनों पार्टियां रणनीति बनाकर इन वर्गों की हिस्सेदारी बढ़ाने पर जोर दे रही हैं ताकि दलितों को अपने पाले में लाया जा सके. ऐसे में

बीजेपी के इस ऐलान से विरोधियों की इस कवायद को झटका लगा है. बीजेपी भी अपने दलित नेताओं के जरिए सपा-कांग्रेस जैसे दलों को जवाब देने के लिए आगे कर रही है

## लखनऊ कलेक्ट्रेट में सपा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन, करणी सेना पर कार्रवाई की मांग की

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जमकर प्रदर्शन किया, कार्यकर्ताओं ने यह प्रदर्शन मुख्य रूप से सपा के सांसद रामजीलाल सुमन पर हुए हमले के विरोध में किया। बताया जा रहा है कि आक्रोशित कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए मौके पर पहुंची पुलिस से धक्का-मुक्की भी हुई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सीएम योगी के इस्तीफे की मांग करते हुए नारेबाजी भी की।दरअसल, बीते दिनों, सांसद रामजीलाल सुमन के काफिले पर अलीगढ़ में करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने कथित तौर पर हमला किया था, बताया जा रहा है कि इस हमले में टायर और पत्थर फेंके गए थे। इसके जवाब में, सपा ने उत्तर प्रदेश में विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया था।इसी के तहत आज सपा कार्यकर्ताओं ने कैसरबाग स्थित कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। इस दौरान सपा की राष्ट्रीय प्रवक्ता जूही सिंह ने कहा कि जिस तरह से सपा सांसद पर हमले हो रहे हैं, उससे बीजेपी के दलित विरोधी होने का पता चलता है। यह प्रदर्शन सपा की ओर से योगी सरकार और कानून व्यवस्था पर सवाल उठाने का हिस्सा माना जा रहा है।

## अखिलेश यादव ने साफ किया अपना रुख, सपा कार्यकर्ताओं को दी ये हिदायत

समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर से जुड़े एक पोस्टर को लेकर उठे राजनीतिक विवाद के बाद अपने कार्यकर्ताओं से संयम बरतने का आह्वान किया और कहा कि पूर्व में भाजपा नेताओं से जुड़ी हुई ऐसी तस्वीरें सामने आयी हैं, लेकिन सपा ने उन्हें मुद्दा नहीं बनाया.यादव ने यहां प्रेस वार्ता में कहा, श्शमैंने अपने कायकर्ता लालचंद गौतम को समझाया है कि दोबारा ऐसा कुछ नहीं करना या सोशल मीडिया पर ऐसा कुछ भी साझा नहीं करना जिससे किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचे.श्श उन्होंने कहा कि लालचंद गौतम समाजवादी पार्टी के वही कार्यकर्ता हैं जिनकी वजह से पूरी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को अपने वातानुकूलित कम. रों से बाहर निकलकर सड़कों पर आना पड़ा.सपा प्रमुख ने सवाल किया कि क्या भाजपा अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं पर भी ऐसा ही नियंत्रण रख सकती है. उन्होंने कहा, श्शहमने अपने कार्यकर्ताओं को पहले ही निर्देशित कर दिया है, लेकिन क्या भा. जपा भी ऐसा कर सकती है? क्या वह यह सुनिश्चित कर सकती है कि उसके नेता बाबा साहब अंबेडकर या किसी अन्य महान व्यक्तित्व के प्रति असम्मानजनक व्यवहार न करें?श्शपोस्टर को लेकर विवाद के केंद्र में रहे सपा कार्यकर्ता लालचंद गौतम भी प्रेस वार्ता में मौजूद थे. यादव ने यह भी दावा किया कि भाजपा नेताओं से जुड़ी ऐसी ही तस्वीरें पहले भी सामने आई हैं

## यूपी में 42 जजों के हुए तबादले, संभल के डिस्ट्रिक्ट जज कमलेश कुच्छल का यहां हुआ ट्रांसफर




उत्तर प्रदेश में 42 जजों के तबादले की खबर सामने आई है. इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 42 न्यायिक अधिकारियों के तबादले हुए हैं. यूपी के अलग-अलग जिलों में तैनात न्यायिक अधिकारियों को नई तैनाती मिली है. इसके पहले सोमवार को भी 62 जजों के तबादले हुए थे. इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 42 डिस्ट्रक्ट एंड सेशंस स्तर के न्यायिक अधिकारियों के तबादले किए है.यूपी के 42 डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जजों को नई तैनाती मिली है. वाराणसी के डिस्ट्रिक्ट जज संजीव पांडेय को मेरठ भेजा गया है. इसके साथ ही संभल के डिस्ट्रिक्ट जज कमलेश कुच्छल झांसी के नए जिला जज बने है. वहीं भदोही के डिस्ट्रिक्ट जज दुर्ग नारायण सिंह संभल के नए जिला जज होंगे और अलीगढ़ के डीजे संजीव कुमार प्रयागराज के नए जिला जज बने हैं. इसके अलावा संतोष राय को प्रयागराज जिला जज से मुजफ्फरनगर जिला जज बनाकर भेजा है. मथुरा डीजे आशीष गर्ग को गाजियाबाद का नया जिला जज बनाया गया. इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर रजिस्ट्रार जनरल राजीव भारती ने यह अधिसूचना जारी की है.इसके साथ ही फै. मिली कोर्ट हापुड़ की प्रिंसिपल जज विदुषी सिंह को डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज महोबा की जिम्मेदारी दी गई है. वहीं जज संजय कुमार को औरेया से बिजनौर में डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज बनाया गया है. भानु देव शर्मा को मुरादाबाद से रामपुर डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज बनाया गया है. रामपुर के जज सत्य प्रकाश त्रिपाठी को प्रतापगढ़ में डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज बनाकर भेजा है. बहराइच के डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज उत्कर्ष चतुर्वेदी को बलराम में डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज बनाकर भेजा है.वहीं प्रतिमा मिश्रा को चेयरपर्सन कमर्शियल टैक्स ट्रिब्यूनल लखनऊ से बाराबंकी डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज की जिम्मेदारी मिली है. रजत सिंह जैन को मेरठ डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज से इटावा डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज बनाकर भेजा गया है. सत्येंद्र कुमार को डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज हाथरस को बहराइच डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज की जिम्मेदारी मिली है. संजीव पांडेय को डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज वाराणसी से डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज मेरठ बनाकर भेजा गया है.

## प्रिया सरोज से पूजा पाल तक...यूपी की इन 19 महिला MP और MLA's पर दर्ज

उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों और 403 विधानसभा क्षेत्रों में से कुल 65 महिलाएं सांसद और विधायक हैं. इसमें से 29 फीसदी महिला सांसदों और विधायकों (कुल संख्या 19) ने खुद पर आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी दी है. वहीं 18 फीसदी महिला सांसदों और विधायकों (कुल संख्या 12) ने गंभीर आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी दी है. यह दावा एडीआर की रिपोर्ट में किया गया है. इसमें एक 1 पर हत्या से संबंधित मामला दर्ज है. तो वहीं 3 पर हत्या का प्रयास करने संबंधी मामला दर्ज है.हत्या से संबंधित मामले में कौशांबी की चौल सीट से समाजवादी पार्टी की विधायक पूजा पाल पर मामला दर्ज है. उन पर आईपीसी की धारा 302 (अब बीएनएस में 103 (1)) के तहत मामला दर्ज है. इस पर कुल 3 मामले दर्ज हैं. इन मामलों में आईपीसी की 4 गंभीर और 8 अन्य धाराएं लगाई गई हैं. वहीं प्रतापगढ़ की रामपुर खास से कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा मोना पर कुल 6 मामले दर्ज हैं जिसमें 9 गंभीर धाराएं लगीं हैं वहीं अन्य 38 अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज है. इसके अलावा प्रयागराज की प्रतापपुर सीट से विजमा यादव पर कुल 2 मामले दर्ज हैं, जिसमें 8 धाराएं गंभीर और 11 अन्य धाराएं लगाई गईं हैं. यूपी की जिन महिला सांसदों और विधायकों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी दी है उसमें आराधना, पूजा पाल और विजमा के अलावा मिलक से विधायक राजबाला सिंह (1), तिलहर से विधायक सलोना कुशावाहा (2) असमोली से विधायक पिंकी सिंह (1), महमूदाबाद से विधायक आशा मौर्या (3),



अकबरपुर रनिया से विधायक प्रतिभा शुक्ला (1), मीरजारपुर से सांसद अनुप्रिया पटेल (2), भींगा से विधायक इंद्राणी देवी (2), डुमरियागंज से विधायक सैयदा खातून (1) कल्याणपुर से विधायक नीलम कटियार (1), बांसडीह से विधायक केतकी सिंह (3), मीरापुर से विधायक मिथलेश पाल (1), खुर्जा से विधायक मीनाक्षी सिंह (1) , राज्यसभा सांसद संगीता (1) सलेमपुर सीट से विधायक विजय लक्ष्मी गौतम (1), राठ से विधायक मनीषा (3), मछलीशहर से लो. कसभा सांसद प्रिया सरोज (2) शामिल है. एडीआर की रिपोर्ट में यह भी जानकारी दी गई है कि राज्य की 65 महिला सांसदों और विधायकों में से 2 अरबपति हैं. इसमें राज्यसभा सांसद जया अमिताभ बच्चन और मथुरा से सांसद हेमा मालिनी शामिल हैं. जया की संपत्ति जहां 1,578 करोड़ रुपये है तो वहीं हेमा की संप्तति 270 करोड़ से ज्यादा है.शैक्षणिक स्तर पर दी गई जानकारी के अनुसार राज्य की 4 महिला सांसद और विधायक- साक्षर हैं. वहीं 9 ने 5 से 12वीं तक की शिक्षा ली है. स्नातक और इससे ज्यादा की पढ़ाई करने वालों में 52 महिला सांसद और विधायक शामिल हैं. इसके साथ ही यूपी में कुल महिला सांसद और विधायकों में से 39 की उम्र 50 या उससे कम है. वहीं 50 वर्ष या उससे अधिक उम्र में 26 शामिल हैं.

# हाथरस रहा पूरी तरह से बंद, लोगों ने निकाली बाइक रैली पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबाजी

कश्मीर में हुए आतंकी हमले के विरोध में हाथरस में गुरुवार को पूर्ण बंद रहा। सुबह से ही चाय, गुटखा और दवा की दुकानें तक बंद रहीं। इसकी वजह से लोग परेशान भी दिखाई दिए। शहर के सभी बाजार और अधिकतर फैक्ट्रियां बंद थीं। ज्यादातर निजी स्कूल भी नहीं खुले। मंडी समिति में भी अनाज और सब्जी की दुकानें बंद रही।सिकंद्राराऊ, सासनी और सादाबाद जैसे कस्बों में भी बाजार पूरी तरह बंद रहे। व्यापारियों और समाजसेवियों ने सुबह लेबर कॉलोनी से विशाल बाइक रैली निकाली। रैली शहर के विभिन्न बा. जारों में घूमी। प्रदर्शनकारी पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। कुछ स्थानों पर खुले मिले प्रतिष्ठानों पर प्रदर्शनकारियों ने विरोध किया। शहर के नयागंज में वी मार्ट खुला मिलने पर हंगामा हुआ, जिसके बाद संचालकों ने इसे बंद कर दिया। कुछ अन्य स्थानों पर भी प्रदर्शनकारियों ने



दुकानों को बंद करा दिया।दोपहर तक शराब और बीयर की दुकान भी रही बंद दोपहर तक शराब और बीयर की दुकानें भी बंद रहीं। बंद के समर्थन में वकीलों ने भी हड़ताल की। काफी वकील भी इस बंद में शामिल हुए। लोगों का कहना था कि हाथरस में लंबे समय बाद यह अभूतपूर्व बंद हुआ है।सिकंद्राराऊ में पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन सिकंद्राराऊ में व्यापार मंडल और अन्य संगठनों द्वारा आयोजित बंद पूरी तरह सफल रहा। नगर के तिराहा बाजार पर व्यापारियों ने पाकिस्तान का झंडा सड़क पर चिपकाया और आतंकवाद के खिलाफ नारेबाजी की। व्यापारियों ने पाकिस्तान के झंडे को पैरों से रौंदा। मंडी समिति में अनाज के साथ सब्जी की दुकानें भी बंद रहीं।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बुधवार को कई जिलों के न्यायाधीशों के तबादले

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बुधवार को कई जिलों के न्यायाधीशों के तबादले किए हैं। हाथरस के जिला जज सत्येंद्र कुमार को बहराइच में समान पद पर भेजा गया है। उनकी जगह फर्रुखाबाद के जिला जज विनय कुमार को हाथरस का नया जिला जज नियुक्त किया गया है।वर्ष 2023 में जिला जज हाथरस बने थे सत्येंद्र कुमारसत्येंद्र कुमार नवंबर 2023 में हाथरस के जिला जज बने थे। इससे पहले वह गोरखपुर में भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और



पुनर्व्यवस्थापन के पीठासीन अधिकारी के रूप में कार्यरत थे। नवंबर 2023 में उन्होंने हाथरस जिला जज के रूप में कार्यभार ग्रहण किया था। हाईकोर्ट के इस आदेश के साथ अन्य जिलों में भी न्यायाधीशों के तबादले किए गए हैं।

## हाथरस के मुरसान कोतवाली क्षेत्र में सड़क हादसा हुआ

हाथरस के मुरसान कोतवाली क्षेत्र में सड़क हादसा हुआ। इगलास–मुरसान रोड पर गांव रायक के पास ट्रैक्टर–ट्रॉली और बाइक की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान नगला कृपा निवासी 22 वर्षीय सौरभ के रूप में हुई। वह एक पेट्रोल पंप पर कार्यरत था।सौरभ अपनी बुआ के बेटे विष्णु सिंह के साथ बाइक पर गंगा गढ़ी से अपने गांव लौट रहा था। हादसे में विष्णु सिंह घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर भीड़ जमा हो गई। एंबुलेंस से दोनों को जिला अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों ने सौरभ को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के सदस्य अस्पताल पहुंच गए। परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## पहलगाम के बैसरन घाटी में आतंकवादियों द्वारा की गई 26 निर्दोष लोगों की हत्या

पहलगाम के बैसरन घाटी में आतंकवादियों द्वारा की गई 26 निर्दोष लोगों की हत्या के विरोध में सादाबाद तहसील के सभी बाजार बंद रहे। व्यापारियों ने जगह–जगह जुलूस निकाला और पाकिस्तान के विरुद्ध नारेबाजी की।तहसील के बिसावर, कस्बा सादाबाद, कस्बा सहपऊ, कुरसंडा, जलेसर रोड मानिकपुर, धर्मशाला चौराहा और मई के सभी बाजारों में व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। विशेष बात यह रही कि चिकित्सकों और मेडिकल स्टोर संच. ालकों ने भी अपनी दुकानें और क्लीनिक बंद रखे।सहपऊ में नगर व्यापार संगठन के अध्यक्ष गजेंद्र वर्मा, महामंत्री देवेंद्र वार्ष्णेय, दीपक बजाज और अन्य व्यापारी शामिल हुए। सादाबाद में नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष विपिन अग्रवाल, उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष सुमित अग्रवाल और



विधानसभा व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी ने विरोध में भाग लिया।जलेसर रोड मानिकपुर पर युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष सुशील सेठ और हरीश सेठ मौजूद रहे।यह पहला अवसर था जब सादाबाद तहसील में व्यापार संगठनों के आह्वान पर शहर के साथ–साथ कस्बा और ग्रामीण क्षेत्रों में भी पूर्ण बाजार बंद का अभूतपूर्व दृश्य देखने को मिला। इसके बाद सभी ने मिलकर लोगों को अपनी श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

## हाथरस में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट पर धरना–प्रदर्शन किया

हाथरस में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट पर धरना–प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन सपा सांसद रामजीलाल सुमन के काफिले पर हुए हमले और प्रदेश में बढ़ते अपराध के विरोध में किया गया।प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि हाथरस सहित पूरे उत्तर प्रदेश में अपराध और महिलाओं के प्रति हिंसा बढ़ रही है। भाजपा सरकार अपराधियों पर नियंत्रण नहीं कर पा रही है।सपा के राष्ट्रीय महासचिव रामजीलाल सुमन को करणी सेना से जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। 27 अप्रैल 2025 को बुलंदशहर जाते समय अलीगढ़ में उनके काफिले पर हमला किया गया। इस हमले में कई वाहन क्षतिग्रस्त हुए और कार्यकर्ता घायल हुए।ज्ञापन में आरोप



लगाया गया कि दोषियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। यह च्व। (दलित, पिछड़ा और अल्पसंख्यक) समाज की आवाज दबाने का प्रयास बताया गया। प्रदर्शनक. ारियों ने कहा कि अखिलेश यादव की सामाजिक न्याय की लड़ाई प्रभुत्ववादी शक्तियों को नागवार गुजर रही है।ये सभी रहे मौजूद प्रदर्शन में सपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र कुशवाहा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ओमवती यादव, बृजमोहन राही, लल्लन बाबू एडवोकेट, देशराज सिंह, विजय सिंह प्रेमी समेत काफी लोग मौजूद थे।

## हाथरस के कस्बा मुरसान में स्कूली बच्चों और शिक्षकों ने पाकिस्तान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया

हाथरस के कस्बा मुरसान में स्कूली बच्चों और शिक्षकों ने पाकिस्तान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। एसपीएस स्कूल के डायरेक्टर सीवी सिंह के नेतृत्व में रैली का आयोजन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की निंदा की।रैली के दौरान प्रतिभागियों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद और आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाए। देशभक्ति से ओतप्रोत माहौल में श्तेरा वैभव अमर रहे मांश और भारत माता की जयके उद्घोष गूंजते रहे। प्रदर्शनकारियों ने तन, मन और धन से देश की रक्षा का संकल्प लिया। इस मौके पर अन्य काफी लोग भी



मौजूद थे।यह रहे मुख्य रूप से मौजूद कार्यक्रम में एसपीएस स्कूल के प्रधानाचार्य केएल सिंह, लक्ष्मण सिंह, देवेश शर्मा, रवि कुमार शर्मा, मनोज कुमार शर्मा, कृष्णा चौधरी समेत कई शिक्षक और स्थानीय लोग मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर पाकिस्तान का पुतला दहन किया। जमकर नारेबाजी भी की।

## पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर हाथरस में सुबह से ही दिखा बाजार बंदी का असर हिंदूवादी संगठनों ने पूरे शहर में किया फ्लेग मार्च

जनपद हाथरस में पहलगाम में हुए हिंदुओं के नरसंहार को लेकर हिंदूवादी संगठनों, व्यापारी नेताओं, और दुकानदारों ने मिलकर 29 अप्रैल को गोपाल धाम में एक मीटिंग का आयोजन कर फैसला लिया गया था कि आतंकवादियों द्वारा पुलवामा में हुए हिंदुओं के नरसंहार को लेकर 1 मई को संपूर्ण हाथरस बंद रहेगा जिसको लेकर आज पूरे हाथरस की जनता ने अपने हिंदूवादी होने की एकता दिखाकर अपने–अपने प्रतिष्ठानों को बंद रखा। वही हिंदूवादी संगठन, व्यापारियों, और दुकानदारों ने आतंकवादियों के खिलाफ पूरे शहर में बाइक पर सवार होकर तथा हाथों में झंडा लेकर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए और भारत सरकार से अपील की कि हिंदुओं का नरसंहार करने वाले आतंकियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी करवाई तत्काल की जाए

## थाना हाथरस गेट क्षेत्र के अलीगढ़–आगरा राजमार्ग पर हतीसा पुल के निकट वाहन को ओवरटेक करने के चलते सवारियों से भरा मैजिक लोडर वाहन पलट गया

थाना हाथरस गेट क्षेत्र के अलीगढ़–आगरा राजमार्ग पर हतीसा पुल के निकट वाहन को ओवरटेक करने के चलते सवारियों से भरा मैजिक लोडर वाहन पलट गया। हादसे में चालक सहित 16 लोग घायल हो गए। वाहन में सवार लोग सादाबाद के नगला मया से अपनी भांजी की शादी में भात पहनाने इगलास के गांव सहारा जा रहे थे।कोतवाली सादाबाद क्षेत्र के गांव नगला मया निवासी नीरज कुमार पुत्र भिक्की सिंह की अलीगढ़ के थाना इगलास क्षेत्र के गांव सहारा निवासी भांजी की बुधवार को शादी है। नीरज कुमार अपने परिवार के साथ भात लेकर सहारा गांव जा रहे थे। हतीसा पुल के निकट अलीगढ़–आगरा हाइवे पर किसी वाहन को ओवरटेक करने के प्रयास में मैजिक लोडर पलट गया।हादसे में पवन कुमार निवासी नगला भाव सिंह सादाबाद, नीरज, अनिल, शिवम, अनूप, बनी सिंह, सुनील, सूरज, दीपक, प्रिंस, नीलम, वर्षा, गौरव, ममता, सुनीता, संध्या निवासीगण नगला मया घायल हुए हैं। घायलों को बागला जिला अस्पताल पहुंचाया गया। यहां उनके परिजन भी आ गए। प्राथमिक उपचार के बाद मैजिक चालक सहित तीन को गंभीर हालत में रेफर कर दिया गया।अलीगढ़ के मलखान सिंह जिला अस्पताल में गुरुवार सुबह एक हादसा हुआ। सीएमएस कार्यालय में अचानक आग लग गई। आग लगते ही अस्पताल में अफरा–तफरी मच गई।मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मी और स्टाफ तुरंत हरकत में आए। उन्होंने अस्पताल में रखे अग्निशमन यंत्रों से आग पर काबू पा लिया। प्रारंभिक जांच में आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।हादसे में किसी की जान को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। हालांकि, कार्यालय में रखा सामान जलकर राख हो गया। दमकल विभाग को सूचना दी गई, लेकिन कोई दमकल कर्मी या गाड़ी मौके पर नहीं पहुंची। अस्पताल प्रशासन अब आग से हुए नुकसान का आकलन कर रहा है। स्टाफ की सूझबूझ से बड़ी दुर्घटना टल गई।

## हाथरस में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कलेक्टोरेट पहुंचकर . मुख्यमंत्री के लिए 17 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा

हाथरस में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कले. क्टोरेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के लिए 17 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं ने सरकारी कर्मचारी का दर्जा और पूरा वेतन की मांग की है।उनकी प्रमुख मांगों में पेंशन, महंगाई भत्ता और ग्रेच्युटी शामिल हैं। साथ ही न्यूनतम वेतन की तत्काल मांग की गई है।कार्यकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट के ग्रेच्युटी भुगतान और गुजरात हाई कोर्ट के आदेशों को लागू करने की मांग की है। ऑनलाइन कार्य के लिए 2500 रुपये मासिक भत्ते की मांग की गई है। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि बिना संसाधनों के ऑनलाइन कार्य नहीं करेंगी। उन्होंने प्ब्क्ै योजना का विस्तार और नए आंगनवाड़ी केंद्र खोलने की मांग भी की है।कार्यकर्ताओं ने मुख्य सेविका पद पर



प्रमोशन और सहायिकाओं को कार्यकर्ती के पद पर समय से पदोन्नति की मांग की है। साथ ही 1500–2000 रुपये की प्रोत. साहन राशि सभी कर्मचारियों को देने की मांग की गई है। आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों के लिए बेसिक और माध्यमिक स्कूलों के समान छुट्टियों की मांग की गई है।ज्ञापन देने वालों में आशा दीक्षित, सुनीता चौधरी, सीमा सारस्वत, सुमनदेवी, कमलेश और रीना पाठक प्रमुख रूप से मौजूद थीं। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि मांगें न मानी गईं तो अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी। इसकी जिम्मेदारी शासन–प्रशासन की होगी।

# अलीगढ़ में गुरुवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन




अलीगढ़ में गुरुवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने सपा राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन पर हुए हमले का विरोध जताया। प्रदर्शन के दौरान सरकार विरोधी नारे लगाए गए।कलेक्ट्रेट के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस और पीएसी तैनात की गई। सपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मी धनगर ने सरकार पर सांसद की हत्या कराने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की है।कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का–मुक्की सपा कार्यकर्ताओं ने एडीएम सिटी अमित कुमार भट्ट को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। इसके बाद सपा छात्र सभा के कार्यकर्ता पुतला जलाने के लिए आगे बढ़े। पुलिस ने पुतला छीनने का प्रयास किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का–मुक्की हुई। सीओ अभय पांडेय भी इस झड़प में शामिल रहे।पूर्व जिला अध्यक्ष गिरीश यादव ने कहा कि रामजीलाल सुमन पर लगातार हमले सरकार केइशारे पर हो रहे हैं। इसलिए पुलिस कोई कड़ी कार्रवाई नहीं कर रही। कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति से सांसद रामजीलाल सुमन की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है।

# डीएम ने सीएम युवा की प्रगति के लिए अधिकारियों एवं बैंकर्स के साथ की समीक्षा



अलीगढ़ जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में गुरूवार को सीएम युवा उद्यमी अभियान योजना की समीक्षा की गई। डीएम ने बिना सूचना के बैठक से अनुपस्थित रहने पर प्रधानाचार्य आईटीआई का स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी बिना अनुमति के जिला मुख्यालय न छोड़ें। डीएम ने कहा कि युवाओं को स्वरोजगार के अधिकाधिक अवसर उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकता में शामिल योजना में अपेक्षित प्रगति न होना खेदजनक है। उन्होंने योजना से संबंधित विभाग– खादी एवं ग्रामोद्योग, कौशल विकास मिशन, आईटीआई, पॉलिटैक्निक, आरसेटी एवं उद्योग विभाग को निर्देशित किया कि विभिन्न योजनाओं में विगत वर्षों में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं से संपर्क करयोजना के तहत उनका आवेदन कराते हुए स्वरोजगार स्थापना में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। उन्होंने विभागीय अधिकारियों के माहवार लक्ष्य निर्धारित करते हुए सभी बीडीओ को निर्देशित किया कि बैंकवार प्रेषित आवेदनों की समीक्षा के लिए बैंकों का निरीक्षण कर कर जल्द से जल्द सभी लंबित प्रकरणों का गुणवत्तापरक निराकरण कराया जाए। बैठक का संचालन करते हुए संयुक्त उद्योग बीरेन्द्र कुमार ने बताया कि वर्ष 2024–25 में 1049 आवेदन विभिन्न बैंकों को प्रेषित किए गए जिसके सापेक्ष 198 आवेदनों को स्वीकृत किया गया जबकि चालू वित्तीय वर्ष में शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य 3750 के सापेक्ष अब तक 481 आवेदन बैंकों को प्रेषित किए गए हैं जिसके सापेक्ष 117 आवेदन स्वीकृत किए गए हैं। जिलाधिकारी ने सभी बैंकर्स को निर्देशित किया कि विगत वित्तीय वर्ष में अपेक्षानुरूप प्रगति न करने पर लंबित आवेदनों की संख्या बढ़ी हुई है ऐसे में अतिरिक्त प्रयास कर लंबित आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए स्वरोजगार स्थापना में सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा योजना की स्वयं मॉनिटरिंग की जा रही है, ऐसे में किसी भी प्रकार की लापरवाही या हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी।बैठक में सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, डीडीओ आलोक आर्य, पीडी भाल चन्द त्रिपाठी, परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी संजीदा बेगम, एलडीएम समेत सभी बैंको के प्रबंधक एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जमालपुर वेंडिंग जोन से हटा अतिक्रमण–

जमालपुर पुल के नीचे वेंडिंग जोन में वेंडर्स को बिठाने का रास्ता हुआ साफ–नगर आयुक्त के निर्देश दो दिवस में वेंडर्स को करें व्यवस्थित अन्यथा आवंटित वेंडर्स का आवंटन होगा निरस्तजमालपुर 100 फुटा रोड पर गरजा महाबली– 7 मई को जमालपुर पुल के नीचे से एएमयू के शताब्दी द्वार तक चलेगा अतिक्रमण हटाने का अभियाननगर निगम ने प्रमुख मार्गो से हटवाई होर्डिंग बैनरपिछले दिनों जमालपुर क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त विनोद कुमार ने जमालपुर पुल के नीचे नगर निगम द्वारा बनाई गई वैंडिंग जोन में कूलर बक्से सील बट्टा आदि अतिक्रमण और चारा विक्रेताओं द्वारा गंदगी फैलाने पर कड़ी नाराजगी जताई थी नगर निगम के उप नगर आयुक्त अमित कुमार के नेतृत्व में लगातार निगरानी और कार्यवाई से जमालपुर पुल के नीचे स्थित वेंडिंग जोन को अतिक्रमण मुक्त कर दिया गया है यहाँ खड़े होने वाले अवैध चारा विक्रेताओं पर जुर्माना करते हुए नगर निगम ने महेशपुर बाईपास पर बिक्री करने की हिदायत दी गई है। नगर आयुक्त ने जोन एक के जोनल अधिकारी आरपी सिंह को तत्काल इस वेंडिंग जोन में वेंडर्स को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए हैं साथ ही साथ दो दिवस उपरांत व्यवस्थित नहीं होने की दिशा में वेंडर्स का आवंटन निरस्त करने के लिए भी कहा है गुरुवार को नगर निगम प्रवर्तन दल के सूबेदार अशोक शर्मा के नेतृत्व में स्थानीय एसएफआई प्रदीप पाल की मौजूदगी में अभियान चलाया गया और चारा विक्रेताओं को कड़ी हिदायत देते हुए दोबारा खड़े होने पर सामान जब्त कर भारी जुर्माना करने की चेतावनी दी गई।. जमालपुर 100 फुटा रोड पर चला अभियानजमालपुर हमदर्द नगर में नाले नालियों की सफाई में बाधक स्लैब के कारण आए दिन सफाई व्यवस्था में बाधा उत्पन्न होने के साथ–साथ जाम लगने की समस्या से स्थानीय नागरिकों को रूबरू होना पड़ता है स्थानीय पार्षद प्रतिनिधि के बार–बार नगर निगम में शिकायत का संज्ञान लेते हुए नगर आयुक्त विनोद कुमार ने तत्काल प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गुरुवार को कर अधीक्षक आरके कमल के नेतृत्व में नगर निगम की टीम ने 100 फुटा रोड पर नाले नालियों के ऊपर से अतिक्रमण, स्लैब को तुड़वाने का अभियान चलाया इस मौके पर प्रवर्तन दल सूबेदार ठाकुर एमपी सिंह मौजूद थे।अवैध प्रचार सामाग्री पर कार्यवाईशासन के दिशा निदेशों की क्रम में नगर आयुक्त विनोद कुमार के निर्देश पर सात दिवसीय अवैध प्रचार सामग्री को हटाने का अभियान नगर आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम द्वारा चलाया जा रहा है। अभियान की अगुवाई सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह कर रहे है अभियान के तहत अलीगढ़ नगर निगम ने जीटी रोड स्मार्ट रोड दीवानी कचहरी रामघाट रोड आगरा रोड सेंटर पॉइंट रेलवे रोड सहित शहर की प्रमुख सड़क और चौराहा से अवैध प्रचार सामग्री के अंतर्गत होर्डिंग बैनर पोस्टर को हटाया गया है।नगर आयुक्त विनोद कुमार ने कहा जमालपुर क्षेत्र में साफ सफाई जल निकासी को प्रभावी बनाने के साथ–साथ सुगम यातायात व्यवस्था के लिए सभी से अनुरोध है अभियान निर्धारित स्थल पर चलाया जाएगा इस अभियान में अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त करने के साथ–साथ अतिक्रमण करने वालों से नगर निगम हर्जा खर्चा भी वसूल करेगा

## स्वयं सहायता समूह के उत्पादों को मिलेगा बड़ा बाजार होटल संचालक सस्ते दामों पर करेंगे खरीददारी



अलीगढ कमिश्नर संगीता सिंह की विशेष पहल पर स्वयं सहायता समूह द्वारा तैयार किए गए विभिन्न प्रकार के उत्पादों को अब स्थानीय होटल में प्रयोग किया जाएगा। यह निर्णय महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम होगा वहीं स्थानीय स्तर पर उत्पादित वस्तुओं को बाजार उपलब्ध कराने के लिए भी महत्वपूर्ण है। एसएचजी की महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों का होटल में उपयोग होने से महिला समूह को स्थाई बाजार मिलेगा और उनकी आय में वृद्धि होगी। आयुक्त, अलीगढ़ मंडल, अलीगढ़ की अध्यक्षता में कमिश्नरी में आयोजित बैठक में गुरुवार को विभिन्न समूहों एवं होटल संचालकों केमध्य समझौता की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसा होने से जहाँ समूहों द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों को एक बड़ा बाजार मिल जाएगा। वहीं समूह की महिलाओं की आमदनी में भी स्थाई बढ़ोतरी होगी। होटल संचालकों ने भी आयुक्त, अलीगढ़ मंडल, अलीगढ़ संगीता सिंह की इस पहल का स्वागत करते हुए स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देने पर सहर्ष सहमति व्यक्त करते हुए कहा होटल इंडस्ट्रीज के लिए यह सुखद होगा कि उन्हें स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण एवं सस्ता सामान प्राप्त हो सकेगा। सीडीओ प्रखर कुमार सिंह ने कहा है कि मंडलायुक्त की यह विशेष पहल न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को बदलेगी बल्कि श्वोकल फॉर लोकलश्श और श्आत्मनिर्भर भारत अभियानश्श को भी मजबूती प्रदान करेगी। पीडी डीआरडीए भालचंद त्रिपाठी ने बताया कि जिले में लगभग 18000 महिला समूह हैं, जिसमें 1 लाख 82 हजार महिलाएं समूह से जुड़ीं हैं। जिसमें से लगभग 35000 अग्रणी महिलाएं विभिन्न प्रकार के उत्पादों अचार, मुरब्बा, बेसन, मसाले, आमला कैंडी, आटा, पापड़, शहद समेत पूजा किट, बैग, दोना. पत्तल, चप्पल, टॉयलेट एवं फ्लोर क्लीनर, साबुन तैयार कर रहीं हैं। उन्होंने कहा कि मंडलायुक्त की यह पहल अवश्य ही समूहों के लिए वरदान की भाँति होगी। इस दौरान होटल संचालकों एवं समूहों से डिमांड एवं आपूर्ति के बारे में विस्तार से बातचीत करते हुए सुझाव भी प्राप्त किए गए।22 स्वयं सहायता समूह एवं 11 होटल संचालकों ने बैठक में किया प्रतिभाग स्वयं सहायता समूह तुलसी, जय माता दी, श्री गणेश, नारी शक्ति, मॉ वैष्णों, कान्हा जी, लक्ष्मी, राधा रानी, श्री राघव, राधेराधे, महक, राघव, जय दुर्गे, मॉ संतोषी, चिराग, जय दुर्गे, राघव, श्री कृष्ण, श्याम, सांई राम, सूर्य नारायण, जय हनुमान ने प्रतिभाग किया। वहीं रमाडा, लैमन ट्री, पाम ट्री, रूवी, आभा, रॉयल रेजीडेंसी, आभा ग्राण्ड, क्लासी इन, यूपी 81, स्काई डेक एवं पर्ल होटल संचालक एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में अपर आयुक्त मंशाराम यादव, उपनिदेशक कृषि यशराज सिंह, सहायक आयुक्त खाद्य दीनानाथ, एडी इंफॉर्मेशन संदीप कुमार, जिला मिशन प्रबंधक असलम, समीर एवं ब्लॉक मैनेजर उपस्थित रहे।

# महापौर के निर्देश पर दो नए कूलिंग पॉइंट का हुआ शुभारंभ




दो नए कूलिंग पॉइंट नगर निगम ने शुरू किये–बढ़ती गर्मी में पेयजल व धूप से छाव दिलाने के लिए महापौर के निर्देश पर दो नए कूलिंग पॉइंट का हुआ शुभारंभबढ़ती गर्मी में नागरिकों को राहत देने के लिए महापौर प्रशांत सिंघल के प्रयास से नगर निगम द्वारा व्यस्ततम चौराहा और सड़कों पर छायादार कूलिंग प्वाइंट बनाए के क्रम में नगर निगम ने सूत मिल बस अड्डा और आगरा रोड निकट ज्ञान गेस्ट हाउस के पास दो नए अस्थाई कूलिंग प्वाइंट शुरू कर दिए हैं।गुरुवार को महापौर प्रशांत सिंघल व नगर आयुक्त विनोद कुमार ने उपसभापति दिनेश जादौन, पार्षद प्रतिनिधि के संयुक्त रूप से दो नए कॉलिंग पॉइंट का शुभारंभ किया.महापौर प्रशांत सिंघल ने कहा भीषण गर्मी में कूलिंग प्वाइंट की स्थापना अलीगढ़ नगर निगम का एक सराहनीय प्रयास है इस प्रयास के लिए सभी नागरिको के सहयोग की आवश्यकता है विशेष रूप से सामाजिक संस्थाओं से अपील की जाती है कि अलीगढ़ नगर निगम के इस प्रयास में बढ़–चढ़कर हिस्सा ले इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव मुख्य अभियंता सुरेश चंद तहसीलदार विनय राय नाजिर संजय सक्सेना स्टेनो देश दीपक साथ थे।

# मांगे न पूरी हुई तो लखनऊ की सड़कों पर उतरेंगे शिक्षक

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ मण्डल अलीगढ़ का विशाल धरना उप शिक्षा निदेशक कार्यालय अलीगढ़ पर आयोजित हुआ। धरने में मण्डल अलीगढ़ के जिला अलीगढ़, कासगंज, एटा तथा हाथरस के 400 से अधिक शिक्षक शामिल हुए। धरना प्रातः 11रू00 बजे प्रारंभ होकर लगभग 2रू00 बजे तक चला। धरने की अध्यक्षता पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष चौधरी उदयराज सिंह ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सदस्य विधान परिषद मा० जगवीर किशोर जैन रहे। धरने पर अलीगढ़ के जिला अध्यक्ष चौधरी ऋषींद्र कुमार सिंह एवं जिला मंत्री मोहित जैन ने अलीगढ़ जिले के शिक्षकों की समस्याओं को मंच के द्वारा साझा किया । इसी के साथ हाथरस के जिला अध्यक्ष चौधरी रनवीर सिंह कासगंज के जिला अध्यक्ष प्रेम प्रकाश कुशवाहा एटा के अध्यक्ष मुकेश कुमार शर्मा ने अपने–अपने जिलों के शिक्षकों के लंबित प्रकरणों के बारे में बताया ।प्रांतीय मंत्री देवेंद्र कुमार यादव ने बताया की 31 मार्च 2025 को सेवानिवृत हुए शिक्षक साथियों का पेंशन निर्धारण उनके जीपीएफ का भुगतान एवं ग्रेच्युटी आदि अन्य कई देयकों का भुगतान अभी तक नहीं हो पाया है। इसी प्रकार मण्डल में नोशनल वेतन वृद्धि के एक भी प्रकरण नहीं हुए हैं।2004 से पूर्व विज्ञापित परन्तु 2005 के बाद कार्य भार ग्रहण करने वाले शिक्षक साथियों को अभी तक जीपीएफ का आवंटन नहीं किया गया है।जिला विद्यालय निरीक्षक एवं उप शिक्षा निदेशक महोदय अपने कार्यालय से गायब रहते हैं तथा प्रकरणों को लंबित करते रहते हैं।पूर्व शिक्षक विधायक मा० जैन साहब ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार शिक्षकों के साथ उपेक्षापूर्ण रवैया अपना रही है शिक्षक अपनी महत्वपूर्ण उपलब्धियां छिन जाने से अत्यधिक आहत हैं। इससे शिक्षकों में रोष एवं असंतोष व्याप्त है। पुरानी पेंशन बहाल किए जाने की मांग शिक्षकों के मसीहा माननीय ओम प्रकाश शर्मा जी के द्वारा विधान परिषद,प्रदेश एवं जिला स्तर के धरनो में उठाई गई थी ।इस मांग को पूरा कराए जाने हेतु उन्होंने अपने प्राणों की आहुति भी दे दी परंतु सरकार के कानों में जूं तक नहीं रेंगी।यह अत्यंत खेद जनक है। निशुल्क चिकित्सा की मांग को भी सरकार द्वारा पूरा नहीं किया जा रहा ।समान कार्य के लिए समान वेतन के लिए लंबे समय से आंदोलन– धरना आदि किये जा रहे हैं परंतु सरकार कान में तेल डाले हुए बैठी है।उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के आवाहन पर यह आयोजित धरना उक्त मांगों को शीघ्र पूरा किए जाने की पुरजोर मांग करता है। यदि यह मांगे पूर्ण नहीं की जाती है तो माध्यमिक शिक्षक संघ की दिनांक 14.4.2025 को मोहन विद्या मंदिर इंटर कॉलेज कानपुर में आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया है कि शीघ्र संघर्ष समिति की बैठक आहूत करके विशाल धरना और प्रदर्शन लखनऊ की सड़कों पर आयोजित किया जाएगा यदि आवश्यकता होती है तो शिक्षक जेल जाने के लिए भी तैयार रहेंगे। चौधरी उदयराज सिंह ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि शिक्षा विभाग में इतना भ्रष्टाचार व्याप्त है जिसकी कोई सीमा नहीं है जब तक इनको सबक नहीं सिखाया जाएगा यह इसी प्रकार से शिक्षकों कर्मचारियों का शोषण करते रहेंगे। उप शिक्षा निदेशक की गैर मौजूदगी में उनके स्थान पर श्री शीलेंद्र कुमार यादव ने मा० मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश सरकार लखनऊ को प्रेषित ज्ञापन ग्रहण किया।ज्ञापन सभी के सम्मुख पढ़ कर सुनाया गया।धरने का संचालन मण्डलीय मंत्री कैप्टन आलोक दुबे ने किया। धरने पर कोषाध्यक्ष हुकम सिंह अंकेक्षक अजय कुमार शर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार शर्मा रामलाल कुशवाहा सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी जिला मंत्री हाथरस चन्द्रवीर सिंह, जिलामंत्री एटा नरेंद्र सोलंकी, जिला मंत्री कासगंज हरि शरण मौरिस, अभिषेक शर्मा, अंबुज जैन प्राचार्य बाबूलाल जैन इंटर कॉलेज, डॉ रामकिशन शर्मा प्रधानाचार्य हिंदू इंटर कॉलेज, राम प्रताप सिंह, राजेश कुमार, नीरज जैन, अमित मिश्रा, कौशल किशोर गौतम, प्रदीप कुमार जैन,डॉ जयवीर उपाध्याय पृथ्वीराज शर्मा, प्रमोद कुमार शर्मा, प्रदीप कुमार शर्मा, पुष्प कांत शर्मा प्रज्ञा पांडेय, वंदना,साक्षी, कल्पना प्रागेश,अल्का शर्मा, सी०पी०वर्मा, इन्द्र कुमार,जाविर अली,रधुवर दयाल, राजीव शर्मा, मस्तान सिंह,नीरज, विकास यादव,शिव ओम शर्मा, जसवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

अलीगढ़ के जमालपुर क्षेत्र में बुधवार रात एक मीडिया कर्मी के साथ नकाबपोश बदमाशों ने मारपीट की। क्वार्सी क्षेत्र निवासी रॉकी आलोक, जो एक समाचार पत्र और न्यूज चौनल में कैमरामैन हैं, अपने कार्यालय से घर लौट रहे थे।ट्रैफिक के कारण हॉर्न बजाने पर नकाबपोश बदमाशों ने उनकी कार रोक ली। बदमाशों ने पहले कार में तोड़फोड़ की और फिर आलोक को कार से बाहर खींच लिया। आलोक ने जब अपने मोबाइल से वीडियो बनाना शुरू किया तो एक बदमाश कार पर चढ़ गया और शीशा तोड़ दिया।बदमाशों ने आलोक के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। सूचना मिलते ही जमालपुर चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और स्थानीय लोगों की मदद से बदमाशों की पहचान की है।मीडिया कर्मी ने पुलिस को तहरीर दे दी है। पुलिस मामले की जांच करते हुए आरोपियों की तलाश कर रही है।

# कासगंज सपा कार्यकर्ताओं ने एसडीएम संजीव कुमार को ज्ञापन सौंपा

कासगंज : संवावदाता इंद्रपाल राजपूत



कासगंज में सपा सांसद रामजीलाल सुमन पर हुए हमले के विरोध में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को जिला कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन किया। सपा सांसद देवेश शाक्य के नेतृत्व में पीडीए बैनर तले दर्जनों कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंच. ।प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। सांसद देवेश शाक्य ने कहा कि यह धरना प्रदेश सरकार को आईना दिखाने के लिए है।उन्होंने कहा कि जब एक सांसद ही सुरक्षित नहीं है, तो आम आदमी की सुरक्षा कैसे होगी। शाक्य ने चेतावनी दी कि राष्ट्रीय नेतृत्व के आदेश पर वे हक की लड़ाई के लिए सड़कों पर उतरने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी सांसद रामजीलाल सुमन और कार्यकर्ताओं पर किसी भी तरह का अत्याचार बर्दाश्त नहीं करेगी।इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एसडीएम संजीव कुमार को ज्ञापन सौंपा और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

# एटा में बाजार बंद, पहलगांव हमले के विरोध





पहुलगाम की बैसारन घाटी में हुए आतंकी हमले से आक्रोशित एटा जनपद के हजारों व्यापारियों ने एकजुट होकर बाजार बंद रखा और पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निक. ाला। व्यापारी नेताओं ने प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के नाम एक ज्ञापन जिलाधिकारी प्रेमरंजन सिंह को सौंपा।व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अतुल राठी के नेतृत्व में व्यापारियों ने घंटाघर से कलेक्ट्रेट तक पदयात्रा निकाली। इस दौरान 'व्यापारी एकता जिंदाबाद', 'पाकिस्तान मुर्दाबाद', 'आतंकियों को फांसी दो' जैसे नारे गूंजते रहे। व्यापारियों ने मांग की कि केंद्र सरकार पाकिस्तान और आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें।गांधी मार्केट से रेलवे रोड तक बंद रहा व्यापार जिलेभर के प्रमुख बाजारदृ गांधी मार्केट, घंटाघर मार्केट, कचहरी रोड, रेलवे रोड और जीटी रोड के व्यापारियों ने एक राय होकर पूर्ण रूप से बाजार बंद किया। ठेले–खोमचे वालों से लेकर बड़े दुकानदारों तक ने इस विरोध में भाग लिया।पहले हम व्यापारी हैं, फिर कुछ और अतुल राठी ने कहा, "देश के अमन–चौन को आतंकियों ने छीनने का प्रयास किया है। लेकिन हम एकजुट हैं। चाहें हिंदू हों या मुसलमान, पहले हम व्यापारी हैं। हमने कोरोना काल में भी एकजुट होकर देश का साथ दिया था, अब भी देश के साथ हैं।" उन्होंने यह भी कहा कि भारत को आतंकियों को चुन–चुनकर मारना चाहिए।श्रद्धांजलि के साथ जताया आक्रोश पदयात्रा के दौरान व्यापारियों ने हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की और सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग की। राठी ने बताया कि एक आह्वान पर व्यापारियों ने बाजार बंद कर दिया, इसके लिए उन्होंने सभी का आभार जताया।

# नौ सूत्रीय मांगों को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन CM योगी से लगाई गुहार





एटा जनपद की दर्जनों आंगनबाड़ी से. विकाएं एकजुट होकर जिला मुख्यालय पहुंचीं। यहां उन्होंने अपनी समस्याओं को लेकर डीएम प्रेमरंजन सिंह को एक ज्ञापन सौंपा। सेविकाओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हस्तक्षेप की मांग करते हुए जल्द समाधान की गुहार लगाई।यह प्रदर्शन आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ की जिला अध्यक्ष सीमा शर्मा के नेतृत्व में किया गया। सेविकाओं ने एकजुट होकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि वे लंबे समय से अपनी समस्याओं से जूझ रही हैं, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है।नौ सूत्रीय मांगों की सूची सौंपीज्ञापन में सेविकाओं ने नौ प्रमुख मांगें रखीं, जिनमें शामिल हैं 1.आंगनबाड़ी कर्मचारियों को वित्तपोषित किया जाए 2.पदोन्नति की उम्र सीमा बढ़ाई जाए 3.प्रत्येक केंद्र पर भवन की व्यवस्था हो4.ऑनलाइन कार्यों के लिए मोबाइल व रिचार्ज मुहैया कराया जाए 5. जब तक डिजिटल संसाधन न मिलें, तब तक केवाईसी कार्य न कराया जाए 6.रुका हुआ अन्नप्राशन और अन्य भुगतान जारी किया जाए 7.कुष्ठ रोग संबंधित लंबित भुगतान दिलाया जाए 8.कर्मचारियों को केवल उनका मूल कार्य सौंपा जाए 9. अतिरिक्त कार्य का बोझ न डाला जाएसरकार अनसुनी कर रही है– संघ अध्यक्ष जिला अध्यक्ष सीमा शर्मा ने बताया कि आंगनबाड़ी सेविकाएं लंबे समय से सरकार से संवाद कर रही हैं, लेकिन समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। उन्होंने कहा, "हमने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा है। उम्मीद है कि सरकार अब हमारी आवाज सुनेगी।"जल्द निर्णय नहीं हुआ तो आंदोलन तेज होगा सेविकाओं ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो वे बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगी। उनका कहना है कि वे बच्चों की सेवा के साथ–साथ कई अन्य काम कर रही हैं, लेकिन सुविधाओं से वंचित हैं।

# एटा में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सपा सांसद रामजीलाल सुमन पर हुए हमले का विरोध किया



एटा में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सपा सांसद रामजीलाल सुमन पर हुए हमले का विरोध किया। सपा मुखिया अखिलेश यादव के निर्देश पर सैकड़ों कार्यकर्ता धरना स्थल पर एकत्रित हुए। जिला अध्यक्ष परवेज जुबैरी और एटा सांसद देवेश शाक्य के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया।कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी एटा प्रेमरंजन सिंह को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सांसदों पर होने वाले हमलों को रोकने की मांग की गई। सपा नेताओं ने भाजपा पर पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों का शोषण करने का आरोप लगाया।सांसद देवेश शाक्य ने कहा कि करणी सेना द्वारा रामजीलाल सुमन पर किए गए हमले की निंदा की जाती है। उन्होंने कहा कि जब एक सांसद सुरक्षित नहीं है तो आम जनता की सुरक्षा कैसे होगी। शाक्य ने आगरा और मैनपुरी की घटनाओं का जिक्र करते हुए भाजपा की आलोचना की। उन्होंने सुमन पर हमला करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।प्रदर्शन में पूर्व विधायक अमित गौरव यादव, पूर्व सांसद कैलाश यादव, रंजीत सुमन, विधान सभा अध्यक्ष सुभाष शाक्य, शराफत हुसैन, एडवोकेट आकाश यादव और गौरव यादव सहित अन्य सपा नेता मौजूद रहे।

# कासगंज कच्ची उम्र में दुल्हन बनने वालीं थीं दो किशोरियां...चाइल्ड लाइन टीम आई तो रुकी शादी



कासगंज संवावदाता इंद्रपाल राजपूत पटियाली तहसील क्षेत्र में चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम ने पुलिस की मदद से दो नाबालिग किशोरियों के विवाह पर पा. बंदी लगाई है। दोनों बालिकाओ का रेस्क्यू कर वन स्टॉप सेंटर के सुपुर्द किया है। दोनों को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया जाएगा।चाइल्ड हेल्पलाइन को 1098 पर सूचना मिली थी कि दोनों बालि. काओं का विवाह दो तारीख को प्रस्तावित है। सूचना को गंभीरता से देखते हुए टीम ने तुरंत जिला प्रोबेशन अधिकारी और संबंधित अधिकारियों को जानकारी दी। किशोरियों के घर पहुंचकर की जांच की गई। जांच में पाया गया कि बालिकाओं की उम्र क्रमशः 14 वर्ष और 16 वर्ष है। टीम ने परिजनों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से समझाया और बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 की जानकारी दी। इस अधिनियम के तहत 18 वर्ष से कम आयु की लड़की और 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह करना कानूनन अपराध है। जिसके लिए दोषी को तीन माह से दो वर्ष तक की सजा और एक लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।परिजनों की सहमति के बाद बालिकाओं को रेस्क्यू कर वन स्टॉप सेंटर, कासगंज में सुरक्षित रूप से आवासित कराया गया है। आगे की कार्रवाई के लिए उन्हें बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। इस अभियान में पटियाली इंस्पेक्टर राधेश्याम, चाइल्ड हेल्पलाइन से सौरभ यादव, सुन्नगढी इंस्पेक्टर उमाशंकर सिंह, वन स्टॉप सेंटर से मैनेजर प्रियंका, व ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट से गौरव शर्मा, के अलावा महिला कॉस्टेबल रश्मि तोमर शामिल रहीं।

# संचालक ने अधिकारियों के सामने रखा अपना पक्ष, सीएम पोर्टल पर शिकायत के बाद खोला

एटा के जैथरा क्षेत्र के धरौली में स्वास्थ्य विभाग से एक बड़ी चूक हो गई। विभाग की विशेष टीम ने आईजीआरएस पर मिली शिकायत के आधार पर एनआईसीटी कंपनी के कस्टमर सर्विस पॉइंट को सील कर दिया।11 अप्रैल को टीम ने सीएसपी को सील करते हुए सरकारी मोहर लगा दी। संचालक को भागा हुआ बताते हुए तीन दिन में नोटिस का जवाब मांगा गया। वास्तव में उस दिन केंद्र के संचालक ज्ञान सिंह अपने बच्चों का एडमिशन कराने लखनऊ गए थे।जब सेंटर सील होने की जानकारी मिली, तो ज्ञान सिंह वापस लौटे और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के सामने अपना पक्ष रखा। किसी ने उनकी बात नहीं सुनी। एक सप्ताह तक विभाग के चक्कर लगाने के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई।शिकायत की जांच शुरू होते ही विभागीय अधिकारियों ने तुरंत सील खोलने का आदेश दिया। बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम सील खोलने पहुंची। मीडिया के सवालों से बचते हुए विशेष स्वास्थ्य दस्ता वापस लौट गया।विभाग ने अपने पत्र में कहा है कि केंद्र से स्वास्थ्य विभाग से संबंधित सामग्री हटाई जाए, अन्यथा पुनः सील कर दी जाएगी। अब पीड़ित की दुकान की सील खुल चुकी है और वह अपना काम कर रहे हैं।

# नाती की मौत का गम बर्दाश्त न कर सकी, रोते–रोते गिर पड़ीं वृद्धा...फिर न उठींय चली गई जान

कासगंज के सोरोंजी के गांव मनिकापुर में नाती की मौत के सदमे में दादी ने भी दम तोड़ दिया। एक साथ दो मौतों से परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने नाती के शव का पोस्टमार्टम कराया है।यहां का है मामला गांव मानिकपुर निवासी दीपचंद्र (25) ने गृह क्लेश से तंग आकर विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। जब परिजन को इसकी जानकारी हुई तो वे उसे निजी चिकित्सक के ले जाया गया। चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी दादी तारावती (70) को जब इस बात की जानकारी हुई तो वे इस सदमे को बर्दाश्त नहीं कर सकी और उनकी मौत हो गई। एक साथ दो मौतों की सूचना से ग्रामीण स्तब्ध रह गए। काफी संख्या में लोग मौके पर एकत्रित हो गए। पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम जानकारी मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मृतक नाती के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ आंचल चौहान ने बताया कि युवक के आत्महत्या करने के बाद गम में उसकी दादी की भी मौत हो गई।

जलेसर। थाना क्षेत्र की एक महिला ने अपने ससुराल वालों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और यौन शोषण का आरोप लगाया है। थाने में उनके खिलाफ केस दर्ज कराया है।पीड़िता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि पिछले साल 5 मार्च को उसका विवाह हुआ था। इसमें लगभग 40 लाख रुपये का खर्च हुआ था। इसके बावजूद विवाह के बाद से ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज की मांग कर प्रताड़ित करने लगे। देवर ने अकेला पाकर यौन उत्पीड़न किया और जान से मारने की धमकी दी पति भी ससुराल वालों को समर्थन करते हैं। गर्भावस्था के दौरान सबने मिलकर पीटा, जिससे गर्भपता हो गया। कोतवाली प्रभारी डॉ. सुधीर राघव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और उचित कार्रवाई की जाएगी।

कासगंज। मंडलीय गोपनीय जांच में निगम में पांच संविदा चालक–परिचालकों को बसों से हटा दिया गया है। ये सभी बाहर से आने वाली बसों के अपने समकक्ष सहयोगियों को व्हाट्एसप ग्रुप के जरिए अधिकारियों द्वारा की जाने वाली चेकिंग की जानकारी देते थे। मामले की जांच अभी जांच जारी है, माना जा रहा है कि कई चालक–परिचालकों नप सकते हैं। ये चालक–परिचालक राजमार्ग पर निगम द्वारा की जाने वाली चेकिंग की जानकारी बाहरी डिपो के 120 चालक–परिचालक को व्हाट्एसप ग्रुप पर जानकारी देते थे। इस ग्रुप में गाजियाबाद, बरेली, बदायूं, अलीगढ़, आगरा, गाजियाबाद, इटावा के चालक–परिचालक जुड़े हुए थे। इससे राजस्व की हानि हो रही थी। मामले में गोपनीय मंडलीय जांच बैठाई गई। इसमें इस जांच में कासगंज डिपो के चालक दल के पांच–चालक परिचालक दोषी पाया गया है। मामले में अभी जांच जारी है। इसमें और भी चालक–परिचालकों पर कार्रवाई हो सकती है। एआरएमओम प्रकाश का कहना है कि मंडलीय गोपनीय जांच में निगम के पांच संविदा चालक–परिचालकों को सूचना लीक के मामले में बसों से हटाया गया है। मामले में अभी जांच जारी है। बाहरी डिपो को भी कार्रवाई के लिए पत्र लिखा है।

